बहू से बेब बनी टीवी ऐक्ट्रेस शाइनी दोशी!

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

छोटे पर्दे की ऐक्ट्रेस शाइनी दोशी रीयल लाइफ में भी काफी हॉट हैं। उनके ट्रडिशनल लुक से हटकर उनकी बिकीनी में कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वह काफी हॉट नजर आ रही हैं। टीवी ऐक्ट्रेस शाइनी दोशी जो छोटे वक्त से दूर हैं उन्होंने ऐक्टिंग से ब्रेक ले रखा है।

वह ब्रेक लेकर श्रीलंका में बढ़िया वक्त बिता रही हैं। उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जिन्हें उनके फॉलोअर्स काफी पसंद कर रहे हैं।

शाइनी सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं। इन दिनों वह अपनी श्रीलंका हॉलिडे की तस्वीरें शेयर कर रही हैं।

बता दें कि शाइनी ने 2013 में सरस्वतीचंद्र से अपना ऐक्टिंग करियर शुरू किया था।

वह सरोजिनी-एक नई पहल, लाल इश्क, जमाई राजा जैसे टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं।

इसके अलावा शाइनी रिऐलिटी शो फीयर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी में भी नजर आ चुकी हैं।

शाइनी का यह बोल्ड अवतार उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है। शाइनी बिकीनी में काफी हॉट नजर आ रही हैं।

पार्टियों में अपनी म्यूजिक सीडी ले जाती थीं आलिया भट्ट

आलिया भट्ट बॉलिवुड के बेहद टैलंटेड ऐक्ट्रेस हैं। वह कई फिल्मों में अपनी काबिलियत साबित कर चुकी हैं। फिटनेस से लेकर किरदार में घुसने तक के लिए वह काफी मेहनत करती हैं।

इसके अलावा जब वह काम नहीं कर रही होतीं तो पार्टियों में खूब मस्ती भी करती हैं।

आलिया ने हाल ही में पार्टी से जुड़ी एक मजेदार बात शेयर की। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने बताया कि वह अपने एंटरटेनमेंट के लिए पार्टियों में म्यूजिक सीडी लेकर जाया करती थीं। वह ऐसा इसलिए करती थीं कि उन्हें लगता था कि पता नहीं पार्टी में उनके पसंद के गाने चलेंगे या नहीं और अगर ऐसा नहीं होता वह बोर हो जाएंगी। उन्होंने अपनी प्लेलिस्ट से कुछ फेवरिट गाने भी बताए जिनमें दिल तो पागल है का ले गई ले गई और के सेरा सेरा जैसे गाने शामिल हैं। वर्क फ्रंट पर बात करें तो आलिया की गली बॉय, ब्रह्मास्त्रऔर कलंक फिल्में आने वाली महेश भट्ट ने कन्फर्म किया, आलिया को है रणबीर से प्यार

नीतू चंद्रा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म के लिए नई भाषा सीख रहीं

अभिनेत्री नीतू चंद्रा का कहना है कि वह अपनी अगली फिल्म के लिए एक नई भाषा में महारत हासिल करने का आनंद ले रही हैं। वर्तमान में वह यहां एक कोरियाई ताइचांडो युवा एक्शन ड्रामा शो नराए में अपनी भूमिका की तैयारी में जुटी हैं।

वह एक वर्कशॉप में भाग ले रही हैं और भाषा समझने के लिए कोरियाई भाषा जानने वाले लोगों के साथ बातचीत कर रही हैं। नीतू ने कहा, मैंने पर्दे पर जो भी किरदार निभाया है उसके साथ हमेशा पूर्ण न्याय करने में विश्वास किया है। उन्होंने कहा, कोरियाई ताइचांडो युवा एक्शन ड्रामा में मेरे किरदार को कोरियाई भाषा बोलनी है। इसलिए, मैंने लॉस एंजेलिस में एक वर्कशॉप में शामिल होने का फैसला लिया है।

उन्होंने कहा, मैं कोरियाटाउन के स्थानीय लोगों के साथ भी बातचीत कर रही हूं, जिससे मैं निश्चित तरीके से भाषा को सही प्रकार से सीखने में सक्षम हो सकूंगी। नराए की शूटिंग दक्षिण कोरिया के सियोल में अप्रैल-मई तक शुरू होगी।

मोटी लड़की का किरदार निभाने में कोई दिक्कत नहीं : खुशबू श्रॉफ

अभिनेत्री खुशबू श्रॉफ को पर्दे पर मोटी लड़की का किरदार निभाने को लेकर कोई दिक्कत नहीं है बल्कि वह मोटे लोगों को हास्यजनक दिखाने और व्यर्थ संदर्भ जैसी बेतुकी चीजों पर काम करने के खिलाफ हैं। मोटी महिलाओं के किरदार निभाने के ऑफर मिलने के बारे में बात करते हुए खुशबू ने एक बयान में कहा, मुझे मोटी लड़की का किरदार निभाने में कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि आपका शरीर एक हद तक तय करता है कि आपको किस तरह के किरदार मिलेंगे। एक मोटी लड़की एक पतली लड़की का किरदार नहीं निभा सकती, इसलिए मैं इससे पूरी तरह से संतुष्ट हूं।

उन्होंने कहा, जो मुझे अस्वीकार्य है वह ये है कि एक ऐसा किरदार निभाना, जिसमें आप एक मोटी लड़की को मजाक का पात्र बनाने का प्रयोग करते हुए देखते हैं। मैंने एक ऐसी मोटी लड़की का किरदार नहीं निभाने का सचेत प्रयास किया है, जो केवल चिप्स के पैकेट खाती दिखाई देती हो और इसके अलावा वह कुछ और न करती हो। बॉडीगार्ड अभिनेत्री को लगता है कि वह मोटों लोगों को हास्यजनक दिखाने और व्यर्थ संदर्भ जैसे बेतुकी चीजों पर काम करने के बजाए असली मुद्दों के बारे में बात करने वाली फिल्मों पर काम कर सकती हैं, जिसका सकरात्मक प्रभाव लोगों व समाज पर पड़े। खुशबू जल्द ही एंडटीवी के लाल इश्क शो में दिखाई देंगी।

जॉन के साथ सिल्वर पागलपंती में दिखेंगें अनिल कपूर

बॉलीवुड के मिस्टर इंडिया अनिल कपूर माचो मैन जॉन अब्राहम के साथ सिल्वर स्क्रीन पर पागलपंती फिल्म में काम करने जा रहे हैं। अनिल कपूर की कॉमेडी फिल्म टोटल धमाल रिलीज होने जा रही है। इसके अलावा फरवरी में ही एक और कॉमेडी फिल्म की शूटिंग शुरू की जाएगी जिसे साल 2019 के अंत में रिलीज किया जाएगा।फिल्म का नाम पागलपंती रखा गया है। फिल्म में इसमें अनिल कपूर, जॉन अब्राहम, इलियाना डिक्रूजा, अरशद वारसी, पुलकित सम्राट, कृति खरबंदा, उर्वशी रौतेला और सौरभ शुक्ला हैं। इस फिल्म का निर्देशन अनीज बाज्मी कर रहे हैं। भूषण कुमार, कृष्णा कुमार, कुमार मनघट और अभिषेक पाठक ने संयुक्त रूप से फिल्म का निर्माण किया है। पागलपंती की शूटिंग 17 फरवरी से शुरू कर दी जाएगी और फिल्म की रिलीज तारीख 6 दिसंबर, 2019 रखी गई है। बड़ी स्टारकास्ट से सजी यह फिल्म कॉमेडी से भरपूर होने वाली है, फिल्म का शीर्षक ही इस बात का संकेत देता है कि ये मस्ती और ठहाकों का संपूर्ण पैकेज साबित होगी। अनिल कपूर की हाल ही में फिल्म एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा रिलीज हुई है। फिल्म के जरिए अनिल कपूर पहली बार बेटी सोनम आहूजा के संग स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आए।